## संपादकीय

# भारत-मालदीव संबंधों में चीन का रुख

भारत की दो दिवसीय यात्रा पर पिछले दिनों मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद आए । भारत के विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद से हुई वार्ता में उन्होंने कहा हिंद महासागर शांति और सुरक्षा का क्षेत्र है, वहां शांति स्थापित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। मालदीव जब ब्रिटिश उपनिवेश से स्वतंत्र (1965) हुआ ,उस समय भारत ने सभी प्रकार के सहयोग उसको दिया। भारत मालदीव में ही नहीं अपितु अपने संपूर्ण पड़ोसी देशों में लोकतंत्र का समर्थक रहा है। यही मुद्दा रहा है कि जब वहां गैर लोकतांत्रिक सरकारें बनी तो भारत ने उसकी आलोचना की, परंतु चीन ने वहां समर्थन करने का रवैया अपनाया ।1988 में विद्रोहियों द्वारा राष्ट्रपति मामून अब्दुल गयूम के विरुद्ध संघर्ष आरंभ हुआ ,उसी समय भारत ने ऑपरेशन कैक्टस द्वारा विद्रोहियों से मुक्त कराया। प्राकृतिक आपदा के समय भी भारत ने मालदीव का साथ दिया- जैसे - 2004 में सुनामी ,2008 में ज्वरीय आपदा , 1986 में भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यहां इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल की स्थापना की।2008 में जब मालदीव में पहली बार चुनाव संपन्न हुए और मोहम्मद नासिर वहां के राष्ट्रपति बने भारत ने इस पहल की प्रशंसा की परंतु 2012 में उनको पद से हटा दिया गया जो पूर्णतया असंवैधानिक था ।भारत ने इस प्रक्रिया की आलोचना की परंतु चीन ने इस प्रक्रिया में चुप्पी साधा रहा । 2014 में जब मोहम्मद अब्दुल्ला यामीन नए राष्ट्रपति बने उन्होंने खुलकर चीन का समर्थन करना प्रारंभ कर दिया। उनका रुख भारत की तरफ ना होकर चीन की ओर बढ़ने लगा और उसने अपना निवेश यहां बढ़ाना प्रारंभ कर दिया, प्रमुख कंपनियां यहां पर व्यापार बढ़ाने लगी ।सबसे बड़ी समस्या तो उस समय देखने को मिली जब भारतीय कंपनियां जी 0एम 0आर 0का कॉन्ट्रैक्ट मालदीव ने तोड़ दिया जो 20 वर्षीय था और मुआवजा देने से भी इनकार कर दिया था और वही कॉन्ट्रैक्ट चीन को दे दिया गया। चीन वहां लगातार अपना निवेश बढ़ा रहा है हिंद महासागर मालदीव मैत्री पुल का निर्माण(2014) किया है । यामीन सरकार ने 2015 में संविधान के अनुच्छेद 251 में संशोधन किया जिसमें यह उपबंध था कि मालदीव की भूमि विदेशियों को सैनिक अड्डा या अन्य कार्य के लिए नहीं दी जाएगी ,परंतु संशोधन करने के बाद यह उपबंध किया गया है कि अब जमीन बेची जा सकती है ।विशेषज्ञों का मानना है कि यहां चीन का सैनिक अड्डा स्थापित करने का द्वार खुल गया है। वह अपने स्ट्रिंग आफ पर्ल्स (मोतियों की माला की नीति )का हिस्सा भी मालदीप को बना लिया है साथ ही परियोजनाओं पर भी रोड परियोजना पर भी सहमति बना ली है। वह बखूबी जानता है कि भारत का तेल व्यापार लगभग 40 हिंद महासागर से होता है और यदि हिंद महासागर पर अपना स्थाई वर्चस्व बनाना है तो मालदीव सबसे बेहतर विकल्प है। क्योंकि यहां से ना सिर्फ वह मार्ग अवरुद्ध कर सकता है ,बल्कि सभी गतिविधियों में पैनी नजर भी रखेगा ।यह भी याद रखने की जरूरत है कि हिंद महासागर में अमेरिका का पहले से एक सैनिक अड्डा डिएगो गार्सिया (1971)है ।क्या चीन यह बराबरी करना चाहता है? या अपने वर्चस्व को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहा है ।मालदीव में लगभग 29000 भारतीय प्रवासी निवास करते हैं जो व्यवसाय और नौकरी में लगे हैं। यहां बांग्लादेश और श्रीलंका के प्रवासी भी निवास करते हैं ,बांग्लादेशी प्रवासियों को पाकिस्तान उकसाता है और पाकिस्तान चीन द्वारा वित्त समर्थित है। कुछ यहां पुरानी विचारधारा वाले लोग भी हैं जो उदारीकरण और पर्यटन के प्रगति का विरोध करते हैं ।यही कारण रहा है कि एक बार इजरायल के पर्यटकों को यहां ना आने की धमकी दी गई और उन पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया था। इन नीतियों से यहां का पर्यटन प्रभावित होता है और आय में कमी आती है ।चीन यहां दोनों प्रकार के लोगों का समर्थन करता चला आया है ।भारत भी वर्तमान समय में मालदीव में अपने निवेश को बढ़ा रहा है और अच्छे संबंध कायम किए हैं।

*- विकास कुमार*

# बांग्लादेश टीम के सभी सदस्य कोरोना नेगेटिव, न्यूजीलैंड के खिलाफ तय शेड्यूल के मुताबिक होगी टेस्ट सीरीज

**वेलिंगटन।** बांग्लादेश टीम के सभी सदस्यों के कोरोना नेगेटिव आने के बाद न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर संदेह कम हो गया है। खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड में मौजूद बांग्लादेश टीम के निदेशक खालिद महमूद ने बताया, हमने अपना आखिरी कोरोना टेस्ट करवाया था, जिसका रिजल्ट आया और हम सभी नेगेटिव पाए गए हैं। हम कल मैनेज्ड आइसोलेशन एंड चारंटाइन सेंटर से बाहर आ सकते हैं और सुबह से लिंकन यूनिवर्सिटी ग्राउंड में अपनी प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं, जहां हमें जिम की सुविधा भी मिलेगी। प्रैक्टिस पूरा करने के बाद हम अपने टीम होटल में जाएंगे और सभी सामान्य गतिविधियां करेंगे।उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के स्पिन बॉलिंग कोच रंगना हेराथ के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद पूरी बांग्लादेश टीम को 21 दिसंबर तक कोई प्रैक्टिस सेशन नहीं करने के लिए कहा गया था।




वहीं टीम के सदस्यों को पिछले शुक्रवार को वापस चारंटाइन में भेज दिया गया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तब एक बयान में कहा था कि अगर उन्हें न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लगाए गए विस्तारित चारंटाइन के कारण अपनी तैयारी से समझौता करना पड़ता है तो उन्हें इस सीरीज के बारे में फिर से सोचना होगा।

इस बीच क्रिकबज ने जानकारी दी है कि हेराथ 21 दिसंबर को टीम के सदस्यों के साथ नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें अभी तक न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनसे जुड़ने की मंजूरी नहीं मिली है। एक अधिकारी ने हालांकि जोर देकर कहा है कि वह कोरोना नेगेटिव आने के बाद मंजूरी मिलते ही उपलब्ध होंगे। हेराथ के अलावा टेस्ट सेट-अप के आठ अन्य सदस्य, जो मलेशिया से न्यूजीलैंड के लिए उड़ान भरने वाले एक कोरोना पॉजिटिव शख्स के निकट संपर्क में होने के कारण चारंटाइन में थे, भी नेगेटिव आए हैं।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश टीम ने न्यूजीलैंड में अनिवार्य चारंटाइन पूरा करने के बाद 16 दिसंबर को एक बाहरी प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया था, लेकिन बाद में उन्हें अपने प्रैक्टिस सेशन को रोकने और वापस मैनेज्ड आइसोलेशन एंड चारंटाइन सेंटर में जाने के लिए कहा गया। समझा जाता है कि न्यूजीलैंड सरकार इस मामले में कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहती है, क्योंकि जो यात्री कोरोना पॉजिटिव था, वह ओमिक्रॉन से संक्रमित पाया गया था। शेड्यूल के मुताबिक दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच टोरंगा के बे ओवल में एक जनवरी से खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट नौ जनवरी से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में होगा।

## टोल टैक्स से 1.40 लाख करोड़ की होगी कमाई, गडकरी ने बताया अगले 3 साल का प्लान




**नई दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल टैक्स से होने वाली आय में जबरदस्त उछाल आने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के मुताबिक अगले तीन साल में ये आय 40,000 करोड़ रुपये सालाना से बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेशकों के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि हर साल यातायात में वृद्धि हो रही है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ रहा है। साथ ही स्वाभाविक रूप से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर रिटर्न की दर में भी वृद्धि हो रही है।

## ओराकल ने किया अब तक का सबसे बड़ा सौदा, मेडिकल रिकॉर्ड कंपनी कर्नेर को 28.3 बिलियन डॉलर में खरीदा

**नई दिल्ली ।** राजस्व के लिहाज से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी ओरेकल कॉरपोरेशन अपना अब तक का सबसे बड़ा सौदा करने के लिए तैयार है। ओरेकल ने मेडिकल रिकॉर्ड कंपनी कर्नेर को 28.3 बिलियन डॉलर में खरीदा सॉफ़्टवेयर निर्माता ओरेकल ने इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड कंपनी कर्नेर को लगभग 28.3 बिलियन डॉलर के नकद सौदे में खरीदा। ओरेकल ने बताया कि पूरा लेन-देन नकद में किया जाएगा, जो कि उसका अब तक का सबसे बड़ा सौदा होगा। ओरेकल को 95




डॉलर प्रति शेयर का भुगतान करेगा। कंपनी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि यह एक एक ऐसा सौदा है जो सॉफ्टवेयर निर्माता के क्लाउड-कंप्यूटिंग और डाटाबेस व्यवसायों को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल उद्योग में एक व्यापक ग्राहक आधार जोड़ देगा। कंपनियों ने एक बयान में घोषणा की कि ओरेकल 95 डॉलर प्रति शेयर का भुगतान करेगा। यह कीमत पिछले गुरुवार को सौदे की बात सार्वजनिक होने के बाद से कर्नेर के बाजार मूल्य पर 20 फीसदी प्रीमियम का प्रतिनिधित्व करती है। बता दें इस सौदे की घोषणा के बाद से ओरेकल के शेयरों में 2 फीसदी की गिरावट आई है। ओरेकल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैफ्रा कैट्ज ने कहा कि अधिग्रहण ओरेकल की कमाई के लिए तुरंत अनुकूल होने की उम्मीद है। इसके साथ ही दूसरे वित्तीय वर्ष और उसके बाद की कमाई में भी इसका काफी अधिक योगदान करना चाहिए। राजस्व के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्माता ओरेकल, हाल के वर्षों में क्लाउड कंप्यूटिंग में काफी आगे बढ़ा है। हालांकि, यह अभी अमेजन डॉट कॉम इंक और माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प जैसे बाजार के दिग्गजों से काफी पीछे है। बाजार शोधकर्ता आईडीसी के अनुसार, कर्नेर ओरेकल को स्वास्थ्य देखभाल उद्योग के लिए प्रौद्योगिकी में एक बड़ा मुकाम प्रदान करेगा। 2023 तक इस क्षेत्र के क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर और सॉफ्टवेयर पर 15.8 बिलियन डॉलर खर्च होने की उम्मीद है।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई, यूनिटेक के पूर्व प्रमोटर चंद्रा बंधुओं को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यूनिटेक के पूर्व प्रमोटरों अजय चंद्रा और संजय चंद्रा को गिरफ्तार किया है। संघीय जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद गिरफ्तारियां की हैं। दोनों भाई पहले मुंबई की जेल में बंद थे। सोमवार को, उन्हें दिल्ली की एक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया और आज सुबह उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

सूत्रों के अनुसार, चंद्रा बंधुओं को कथित तौर पर जेल से एक कार्यालय चलाने के आरोप में दिल्ली से मुंबई की जेलों में स्थानांतरित कर दिया गया था। यह भी आरोप लगाया गया कि तिहाड़ जेल के अधिकारी जेल के अंदर से चंद्रा बंधुओं को कार्यालय चलाने में मदद कर रहे थे। ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। लंबी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करने को कहा था। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया था। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने एक रिपोर्ट तैयार की थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि लगभग 36 जेल अधिकारी कथित तौर पर चंद्रा बंधुओं की मदद कर रहे थे।

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ बिना कोच के उतरेगा मोहन बागान

**फटोर्डा ।** सभी की निगाहें एटीके मोहन बागान डगआउट पर रहेंगी, जब भारतीय फुटबाल के दिग्गज क्लब का सामना जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के लीग मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से होगा। इस मैच में बागान के साथ उसके मुख्य कोच एंटोनिओ लोपेज हबास नहीं होंगे।

एटीके मोहन बागान ने चार मैचों में जीतरहित रहने के बाद शनिवार को अपने मुख्य कोच एंटोनिओ लोपेज हबास अलग होने का फैसला किया है। यह आईएसएल में जीत से दूर रहने का बगान का सबसे लम्बा अनचाहा अभियान है। बागान छह मैचों में आठ अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है। हबास ने 2014 और 2019-20 में तत्कालीन क्लब एटीके के साथ आईएसएल के खिताब जीते थे। वह दो बार खिताब जीतने वाले पहले मैनेजर बने थे।

वहीं, एफसी गोवा ने भी कोच जुआन फर्नांडो को पद से हटा दिया है। लिहाजा, फर्नांडो ग्रीन एंड महरून ब्रिगेड कैम्प में हबास का स्थान लेने के लिएतैयार हैं। जुआन की टीम शुरुआत भी बेहद खराब रही थी, क्योंकि एफसी गोवा को पहले तीन मुकाबलों में हार मिली थी। मोहन बागान के अंतरिम कोच मैनुएल कास्कैलाना ने कहा, खिलाड़ी अब प्रमुख अभिनेता हैं क्योंकि कोच यहां नहीं है। जिम्मेदारी उनके ऊपर है। यदि आप हार जाते हैं, तो आप कोच या रणनीति को दोष नहीं दे सकते। खिलाड़ियों को कदम बढ़ाकर इस मौके को भुनाने की जरूरत है। अब एकमात् रउद्देश्य तीन अंक जीतना होना चाहिए। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड सात मैचों से सात अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। एससी ईस्ट बंगाल के खिलाफ 2-0 की जीत हाईलैंडर्स के लिए राहतभरी रही। डिफेंडर हर्नान सैनटाना और स्ट्राइकर डेशोर्न के बिना पिछले मैच में उतरी नार्थईस्ट यूनाइटेड की टीम ने दूसरे हाफ में शानदार खेली थी, जिसमें खासा कमारा के परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के कोच खालिद जमील ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वो (एटीकेएमबी) एक अच्छी टीम है लेकिन हम केवल अपने विषय पर विचार कर रहे हैं। हम पिछले मैच में कुछ हद तक अच्छा किया था और हमें इसे जारी रखने की जरूरत है।

## शादी के बाद काम पर वापसी करेंगी कैटरीना कैफ

विक्की कौशल से शादी के बाद अब कैटरीना कैफ वापस अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी होने वाली हैं. कैटरीना जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग शुरू करने वाली हैं. रूस, तुर्की, ऑस्ट्रीया और मुंबई में शूटिंग करने के बाद अब कैटरीना और सलमान फिल्म के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग पूरी करेंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में दिल्ली में होगी.

रिपोर्ट के मुताबिक ये 15 दिन की शूटिंग होगी और दोनों साथ में फिल्म की शूटिंग खत्म करेंगे.



सलमान और कैटरीना दिल्ली के रियल लोकेशन पर शूटिंग करेंगे. अब रियल लोकेशन में शूट करने की वजह से फिल्म की टीम पूरी तैयारी कर रही है क्योंकि वहां पर भीड़ भी बहुत रहेगी और एक्टर्स को देखने की वजह से भीड़ बढ़ भी जाएगी. दोनों के लुक्स ना लीक हो इसके लिए पूरी सिक्योरिटी की जाएगी.

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये काफी चैलेंजिंग है, लेकिन आदित्य चोपड़ा, मनीष शर्मा और फिल्म की पूरी टीम इस फिल्म को बेहतर बनाने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है. फिल्म को एक अलग लेवल पर ले जाने का प्लान है.

सलमान खान और कैटरीना कैफ दोनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ को अच्छे से समझते हैं. दोनों जानते हैं कि ये फिल्म का सबसे महत्वपूर्ण शेड्यूल है इसलिए दोनों इसके लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं.

## कंगना रनौत की तेजस अगले साल दशहरा पर 5 अक्टूबर को आएगी

कंगना रनौत की एक से बढ़कर एक कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। ऐसी है एक बहुप्रतीक्षित फिल्म है तेजस, जिससे दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। अब मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कंगना की तेजस अगले साल दशहरा के अवसर पर 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। त्योहार के मौके को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म अच्छा बिजनेस करेगी।



लीड कलाकार कंगना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, आपके लिए एक ऐसी महिला की प्रेरक कहानी लेकर आई हूं, जिसने आसमान पर राज करने का फैसला किया। भारतीय वायु सेना के सम्मान में तेजस दशहरा के मौके पर 5 अक्टूबर, 2022 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## आज का राशिफल

__मेषः__ आज के दिन मेष राशि वालों को अतिउत्साह में आकर कुछ भी कहने से बचना चाहिए, नहीं तो सामाजिक स्तर पर मान-प्रतिष्ठा पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

__वृषभः__ जो चीजें पूर्वजों से आपको विरासत में मिली हैं उनको लेकर आज के दिन वृषभ राशि के लोग भावुक हो सकते हैं।

__मिथुनः__ जिन लोगों ने आपके प्रति गलत धारणा बनाई है उनकी धारणा आज के दिन बदल सकती है। आज आप बड़े छोटे का फर्क मिटाकर सबके साथ एक जैसा व्यवहार करेंगे।

__कर्कः__ इस राशि के लोगों को धन संचय करने के लिए आज के दिन सही बजट प्लान बनाने की जरूरत होगी। कारोबारियों को विदेशी स्रोतों से आज के दिन लाभ प्राप्त हो सकता है।

__सिंहः__ आज आप कार्यक्षेत्र में एक अच्छे लीडर की तरह हर कार्य को सही तरीके से अंजाम दे सकते हैं। लाभ पाने के लिए कुछ लोग निवेश करने का विचार बना सकते हैं।

__कन्याः__ आपके विचारों से आज सकारात्मकता झलकेगी इसलिए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आपको लाभ मिल सकते हैं।

__तुलाः__ तुला राशि के जो लोग अध्यात्म के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं उनके लिए आज का दिन अनुकूलता लिये हुए है। भाग्य का इस राशि वालों को साथ मिलेगा जिससे कई अटके काम पूरे हो सकते हैं।

__वृश्चिकः__ वृश्चिक राशि वालों आज के दिन आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखना होगा। यदि किसी बीमारी से पहले से परेशान हैं तो दवाइयां समय पर लें।

__धनुः__ जो लोग विवाह योग्य हैं आज उनके माता-पिता शादी के लिए उन्हें मना सकते हैं। वहीं शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन सुखद रह सकता है।

__मकरः__ चंद्रमा आज आपके षष्ठम भाव में होंगे इसलिए अपने विरोधियों से आज के दिन आपको सतर्क रहना होगा।

__कुंभः__ कुंभ राशि के जातकों की लव लाइफ में यदि कोई परेशानी आ रही थी तो आज के दिन वो दूर हो सकती है।

__मीनः__ माता के साथ यदि किसी तरह का मनमुटाव था तो आज के दिन दूर हो सकता है। गुरु ग्रह के बीज मंत्र का जप करें।

## प्रोटीन पैक्ड ब्रेकफास्ट है- स्टफ्ड मूंग दाल चीला

अगर आप सुबह के लिए प्रोटीन से भरपूर नाश्ते का ऑप्शन ढूंढ़ रहे हैं तो मूंग दाल चीला है इसके लिए बेस्ट। जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को आएगा पसंद। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।



### सामग्री :

**मूंग दाल बैटर के लिए-** मूंग दाल (3-4 घंटे पानी में भिगोए हुए)- 2 कप, अदरक- 1 इंच, हरी मिर्च- 1, ताजी धनिया पत्ती- 2 टेबलस्पून, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, नमक स्वादानुसार

**फिलिंग के लिए-** पनीर- 1 कप, गाजर बारीक कटे हुए- 1/4 कप, प्याज बारीक कटे हुए- 1 कप, शिमला मिर्च बारीक कटी- 1/4 कप, हरी मिर्च कटी हुई- 1, ताजी धनिया पत्ती कटी हुई- 2 टेबलस्पून, तेल- 1-2 टेबलस्पून, नमक- स्वादानुसार

### विधि :

भीगी हुई मूंग दाल, हरी मिर्च, अदरक का टुकड़ा डालकर मिक्सी में अच्छी तरह से पीसकर चीले का पेस्ट तैयार कर लेंगे। अब इसमें नमक, हल्दी, कटी धनिया पत्ती डालकर घोल को 15-20 मिनट के लिए ढककर सेट होने के लिए रख दें।

पैन में हल्का सा तेल डालें। इसमें प्याज, हरी मिर्च, गाजर, शिमला मिर्च, नमक डालकर हल्का भून लें फिर इसे पैन से निकाल कर कद्दूकस किए पनीर में डालकर मिक्स कर लें। स्टफिंग रेडी हो चुकी है।


अब नॉन स्टिक पैन पर हल्का सा तेल डालें। इस पर चीले का बैटर फैलाएं। दोनों तरफ से हल्का सेंक कर बीच से स्टफिंग भरें और गरमागर्म सर्व करें।

इसे आप हरी या लाल चटनी और मसाला चाय के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 296

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 295 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 296

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.295का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |